दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 28 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – भारत को विकास के साथ–साथ विरासत को संजोकर आगे बढ़ना चाहिए। राष्ट्र से औपनिवेशिक मानसिकता से बाहर निकलने का आह्वान किया।

02. राज्य के छब्बीस जिलों की बयालीस नगर पालिकाओं में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। वोटो की गिनती सोमवार तीस जून को होगी।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला जारी। गयाजी जिले के बोधगया में सबसे अधिक अंठावन मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अपने विचारों, दर्शन और ज्ञान के कारण ही हजारों वर्षों से शाश्वत बना हुआ है। आज नई दिल्ली में प्रख्यात जैन संत आचार्य विद्यानंद जी महाराज की 100वीं जयंती समारोह का उद्‌घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत, दुनिया की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है और इस शाश्वत दर्शन का स्रोत, देश के ऋषियों, संतों और आचार्यों में निहित है। प्रधानमंत्री ने बताया कि आचार्य श्री विद्यानंद जी ने अपने जीवन को केवल आध्यात्मिक साधना तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे समाज और संस्कृति के पुनर्निर्माण का एक सशक्त माध्यम भी बनाया।

–––बाइट–––

जिस दिव्य आत्मा की वाणी को, उनके वचनों को हम जीवन भर गुरु वाक्य मानकर उनसे सीखते हैं, जिनसे हमारे हृदय भावात्मक रूप से जुड़ रहे हैं। उनके बारे में कुछ भी बोलना हमें भावुक कर देता है। मैं अभी भी सोच रहा हूं कि श्री विद्यानंद जी मुनिराज के बारे में बोलने की जगह काश हमें आज भी उन्हें सुनने का सौभाग्य मिलता। ऐसी महान विभूति की जीवन यात्रा को शब्दों में समेटना आसान नहीं है।

श्री मोदी ने कहा कि इसी संकल्प को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार देश के सांस्कृतिक धरोहरों और तीर्थ स्थलों का भी विकास कर रही है। प्रधानमंत्री ने देश को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करने पर भी जोर दिया।

———बाइट———

हम भारत की प्राचीन पांडुलिपियों को डिजिटाइज करने का अभियान भी चला रहे हैं। इसमें बहुत बड़ी मात्रा में जैन धर्म ग्रंथों और आचार्यों से जुड़ी पांडुलिपियां शामिल हैं। अब हम हर एजुकेशन में भी मातृ भाषा को बढावा देते हैं और इसलिए मैंने लालकिले से कहा है कि हमें देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्ति दिलानी है। हमें विकास और विरासत को एकसाथ लेकर आगे बढना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सेवा और मानवता के प्रति समर्पित देश है। उन्होंने कहा कि विश्व में जब हजारों वर्षों तक हिंसा को हिंसा से शांत करने के प्रयास हो रहे थे, तब भारत ने विश्व को अहिंसा की शक्ति का बोध कराया। प्रधानमंत्री ने नौ संकल्पों पर भी जोर दिया।

———बाइट———

मैं उन नौ संकल्पों को फिर से आपके साथ साझा करना चाहता हूं। पहला संकल्प पानी बचाने का है। दूसरा संकल्प एक पेड़ मां के नाम, तीसरा संकल्प स्वच्छता का, चौथा संकल्प वॉकल फोर लोकल, पांचवा संकल्प देश का दर्शन, छठा संकल्प नेचुरल फार्मिंग अपनाने का, सातवां संकल्प हेल्दी लाइफ स्टाइल का, आठवां संकल्प खेल और योग दोनों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना है, नौवा संकल्प गरीब की मदद करना। हम इन नौ संकल्पों पर काम करेंगे, तो आचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिराज जी को और उनकी शिक्षाओं को भी ज्यादा सशक्त करेंगे।

———————————————————

राज्य के छब्बीस जिलों की बयालीस नगर पालिकाओं में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। आज के मतदान के बाद पांच सौ अड़तीस उम्मीदवारों का भाग्य इवीएम में बंद हो गया। वोटों की गिनती सोमवार तीस जून को होगी। नौ उम्मीदवार र्निविरोध निर्वाचित हो चुके हैं। जबकि तीन पदों पर उच्च्य न्यायालय के आदेश के कारण निर्वाचन स्थगित कर दिया गया है। एक सौ इक्कीस वार्ड पार्षद, सात मुख्य पार्षद और आठ उपमुख्य पार्षद के लिए आज मतदान हुआ। देश में पहली बार बिहार में मोबाईल एप के जरिए ई–वोटिंग हुई। जिसके लिए पचास हजार से ज्यादा मतदाताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था। जिनमें सत्तर प्रतिशत से अधिक लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पूर्वी चंपारण के पकड़ीदयाल नगर पंचायत की विभा कुमारी पहली ई–वोटर बनीं। सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक ई–वोटिंग के लिए समय निर्धारित किया गया था। बिहार के बाहर के लोगों ने भी एप के जरिए ई–वोटिंग किया।

———————————————————

निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों की भागीदारी के साथ सभी मतदाताओं की पात्रता की पुष्टि के लिए बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू किया है। इसमें सतहत्तर हजार आठ सौ से अधिक बीएलओ के साथ–साथ नए मतदान केंद्रों के लिए लगभग बीस हजार छह सौ तीन अतिरिक्त बूथ लेवल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

पुनरीक्षण के दौरान एक लाख से अधिक स्वयंसेवक भी विशेष रूप से वृद्ध, बीमार, दिव्यांग व्यक्तियों, गरीबों और अन्य कमजोर समूहों की मदद करेंगे। निर्वाचन आयोग ने नए गणना फॉर्म की छपाई शुरू कर दी है। इसके साथ ही बिहार की दो सौ तैंतालीस विधानसभा क्षेत्रों के सात करोड़ नवासी लाख मतदाताओं हेतु सभी घरों में जाकर वितरण भी शुरू कर दिया है। नए गणना फॉर्म को भौतिक फॉर्म के साथ–साथ ऑनलाइन भरना भी सफलतापूर्वक शुरू हो गया है।

---

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने सामाजिक सुरक्षा कवरेज में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की है। यह पूरे देश में चौरानवे करोड़ नागरिकों तक पहुंच चुकी है। देश की सामाजिक सुरक्षा कवरेज दो हजार उन्नीस में पच्चीस प्रतिशत से बढकर दो हजार पच्चीस में चौंसठ प्रतिशत हो गई है।

---

केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना लोगों को नया जीवन दे रही है। गरीब परिवार से आने वाले पटना के ज्ञानेंद्र किडनी के रोग से ग्रस्त थे और आयुष्मान भारत योजना के तहत उनका सफल इलाज हुआ। इस योजना के तहत पटना में ही उनका बिना पैसे का इलाज हुआ। ज्ञानेंद्र ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर इसके लिए आभार जताया है। इसके जवाब में प्रधानमंत्री ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। बिहार में अबतक चार करोड़ लोगों के आयुष्मान भारत कार्ड बने हैं। इसके तहत पांच लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा लाभार्थियों को मिल रही है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की एक सौ तेईसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली

भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि किसी भी संविधान की प्रस्तावना उसकी आत्मा होती है और इसे बदला नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि भारत को छोड़कर किसी भी अन्य संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं किया गया है। नई दिल्ली में एक पुस्तक विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि प्रस्तावना वह आधार है, जिस पर संविधान विकसित हुआ है।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज नवचयनित इक्कीस हजार तीन सौ इक्यानवे सिपाहियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर पटना के बापू सभागार में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा है कि दो लाख से अधिक पदों का सृजन कर तेजी से पुलिसकर्मियों की बहाली की जा रही है।

———बाइट———

---

बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच आरोप–प्रत्यारोप तेज हो गया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने आरोप लगाया है कि इस प्रक्रिया के जरिए मतदाताओं से मतदान का अधिकार छिनने की कोशिश की जा रही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने तेजस्वी यादव पर मतदाता सूची के नाम पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। श्री जायसवाल ने कहा कि मतदान की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जा रहा है।

———बाइट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता और कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राजद की मानसिकता संविधान विरोधी है। श्री सिन्हा ने कहा कि तेजस्वी यादव सांवैधानिक संस्थाओं का अपमान कर रहे हैं।

———बाइट———

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा है कि राजद नेता तेजस्वी यादव राजनीतिक लाभ के लिए बयानवाजी कर रहे हैं। श्री कुशवाहा ने दावा किया कि इस बार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की हार निश्चित है।

---बाइट---

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने राजद कार्यकाल की आलोचना करते हुए कहा कि बिहार की जनता ने भ्रष्टाचार और अपराध का दौर जो देखा है, उसे वे अभी तक नहीं भूले हैं। श्री पासवान ने कहा कि चुनाव में जनता इसका जवाब देगी।

---बाइट---

---

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मॉनसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है। सबसे अधिक अंठावन मिलीमीटर बारिश गयाजी जिले के बोधगया में दर्ज की गयी। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार आज गया, नवादा, जमुई, बांका जिले के एक–दो स्थानों पर गरज के साथ बारिश और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान हवा तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल सकती है।

---बाइट---

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – भारत को विकास के साथ–साथ विरासत को संजोकर आगे बढ़ना चाहिए। राष्ट्र से औपनिवेशिक मानसिकता से बाहर निकलने का आह्वान किया।

02. राज्य के छब्बीस जिलों की बयालीस नगर पालिकाओं में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। वोटो की गिनती सोमवार तीस जून को होगी।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला जारी। गयाजी जिले के बोधगया में सबसे अधिक अंठावन मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।